**Regarding need to build a memorial structure at the Sagauli Samvad site in Indo-Nepal border**

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) :** सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान भारत और नेपाल के ऐतिहासिक संधि स्थल सुगौली की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं । भारत और नेपाल के संधि के डेढ़ सौ वर्ष से ज्यादा हो गए । दोनों देशों के बीच न केवल बहुत अच्छे रिश्ते हैं, बल्कि हमारा रोटी-बेटी का भी रिश्ता है । आज भी सुगौली संधि स्थल, जहां भारत और नेपाल की संधि हुई थी, वहां बेतिया महाराज ने एक बड़े मंदिर का निर्माण किया है, लेकिन भारत सरकार के द्वारा और भारत सरकार के कला संस्कृति मंत्रालय अथवा पर्यटन मंत्रालय के द्वारा सुगौली संधि स्थल पर कोई स्मारक नहीं बनाया गया है ।

**16.00 hrs**

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि सुगौली में जहां नेपाल और भारत की संधि हुई थी, उस स्थल पर बड़ा स्मारक बनाने का कार्य किया जाए जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और मजबूती आ सके ।

**16.01 hrs** (Kumari Selja *in the Chair*)